एमएलएसएम कॉलेज में किया गया पौधरोपण

दरभंगा. एमएलएसएम कॉलेज में आइक्यूएसी एवं एनएसएस की ओर से मेरी माटी मेरा देश साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ शंभू कुमार यादव ने की. प्रधानाचार्य ने कहा कि जीवन को स्वस्थ एवं निरोग रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिये. कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए. मौके पर डॉ विनोद कुमार मिश्रा, डॉ शंभू कुमार चौधरी, डॉ किरण कुमारी, डॉ कुमुद कुमारी, डॉ दिनेश प्रसाद साहु, डॉ ऋषिकेश कुमार, डॉ संजय कुमार यादव, डॉ जेबा प्रवीण, डॉ सत्य प्रकाश झा, अरुण कुमार चौधरी, प्रमोद शंकर झा, प्रभाकर झा, अनूप कुमार झा, स्वयंसेवकों में कृष्ण कुमार, चंदन पासवान, मगन पासवान, कन्हाई कुमार, अविनाश कुमार शामिल थे. संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ सुबोध चंद्र यादव ने किया.